0665529

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / **Question Booklet Serial No. : 101-**

# ANNUAL EXAMINATION – 2025

# CLASS IX

विषय कोड :
**Subject Code : 101**

## मातृभाषा हिन्दी

## HINDI ( MT )

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
**Total Questions : 100 + 6 = 106**
(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

कुल मुद्रित पृष्ठ : 16
**Total Printed Pages : 16**
(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है — **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
6. ***खण्ड-अ** में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं **50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** पचास से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1 अंक** निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर पत्रक में दिये गये **सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।***
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें। 50 × 1 = 50**

1. भाषा या वाणी की सबसे छोटी इकाई कौन है ?
   (A) वर्ण (B) शब्द
   (C) पद (D) वाक्य

2. निम्नलिखित में कौन द्विगुण व्यंजन है ?
   (A) ढ (B) ड
   (C) ड़ (D) द

3. हिन्दी में स्वर वर्णों की संख्या कितनी है ?
   (A) 12 (B) 13
   (C) 10 (D) 11

4. 'ब' वर्ण का उच्चारण-स्थान है
   (A) कंठ (B) तालु
   (C) मूर्द्धा (D) ओष्ठ

5. 'ग' वर्ण का उच्चारण-स्थान है
   (A) कंठ (B) तालु
   (C) मूर्द्धा (D) ओष्ठ

6. निम्नलिखित में कौन वर्ण संयुक्त व्यंजन है ?
   (A) अं (B) अः
   (C) त्र (D) ष

7. निम्नलिखित में कौन अनुनासिक वर्ण है ?
   (A) म (B) भ
   (C) य (D) झ

8. दो वर्णों के मेल से होनेवाले विकार को क्या कहते हैं ?

(A) संज्ञा (B) संधि

(C) समास (D) वाक्य

9. 'अभ्युदय' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) अभ्यु + दय (B) अभि + दय

(C) अभि + उदय (D) अभ्य + उदय

10. 'एकैक' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) एकै + क (B) एके + एके

(C) एके + के (D) एक + एक

11. 'इत्यादि' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) इति + आदि (B) इत् + यादि

(C) इती + आदी (D) इत्य + आदि

12. 'तपः + वन' पदों की संधि है

(A) तपावन (B) तपोवन

(C) तपौवन (D) तपवन

13. 'उत् + भव' पदों की संधि है

(A) उद्गम (B) उत्व

(C) उत्भव (D) उद्भव

14. 'मनावन' शब्द का वर्ण-विच्छेद है

(A) म् + अ + ना + व् + अ + न

(B) म् + अ + न् + आ + व् + अ + न् + अ

(C) म + ना + व + न

(D) म् + अ + न् + ओ + ह् + अ + र् + अ

15. 'य् + अ + ज् + ञ् + अ' – इन ध्वनियों के मेल से कौन शब्द बनेगा ?

(A) यज (B) यज्ञ

(C) यजय (D) यअजञअ

16. निम्नलिखित में कौन शुद्ध शब्द है ?

(A) परमेशवर (B) परमैश्वर

(C) प्रमेश्वर (D) परमेश्वर

17. निम्नलिखित में कौन अशुद्ध शब्द है ?

(A) अध्यन (B) अवनति

(C) अर्थात् (D) अनुकूल

18. 'विराम' शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या होता है ?

(A) भागना (B) दौड़ना

(C) पकड़ना (D) ठहराव

19. निम्नलिखित में प्रश्नवाचक चिह्न कौन है ?

(A) । (B) ,

(C) ? (D) ;

20. 'यथाशक्ति' शब्द में कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय

(C) द्वन्द्व (D) अव्ययीभाव

21. 'चंद्रमुख' शब्द में कौन समास है ?

(A) द्विगु (B) द्वन्द्व

(C) कर्मधारय (D) नञ्

22. 'सोमवार' किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा (B) जातिवाचक संज्ञा

(C) गुणवाचक संज्ञा (D) भाववाचक संज्ञा

23. निम्नलिखित में कौन शब्द भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है ?

(A) जुलाई (B) लड़कपन

(C) दूध (D) कुंज

24. संज्ञा के जिस रूप से व्यक्ति या वस्तु की नर या मादा जाति का बोध हो, उसे व्याकरण में क्या कहते हैं ?

(A) कारक (B) लिंग

(C) अव्यय (D) क्रिया

25. 'रोटी' शब्द किस लिंग का उदाहरण है ?

(A) पुलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

26. 'प्यास' शब्द किस लिंग का उदाहरण है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

27. 'कामना' शब्द का बहुवचन है

(A) कामनावों (B) कामनों

(C) कामनाएँ (D) कामनें

28. 'वह घर से बाहर आया' – इस वाक्य में कौन कारक है ?

(A) संप्रदान (B) अपादान

(C) संबंध (D) करण

29. 'यह सोहन का घर है' – इस वाक्य में कौन कारक है ?

(A) कर्ता (B) कर्म

(C) संप्रदान (D) संबंध

30. प्रयोग के अनुसार सर्वनाम के कितने भेद हैं ?

(A) तीन (B) चार

(C) पाँच (D) छह

31. 'पुरुषवाचक सर्वनाम' के कितने भेद होते हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

32. 'काली गाय' – यह वाक्य किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) गुणवाचक (B) संख्यावाचक

(C) सार्वनामिक (D) प्रविशेषण

33. जिस शब्द से किसी काम का करना या होना समझा जाए, उसे क्या कहते हैं ?

(A) कारक (B) क्रिया

(C) संधि (D) अव्यय

34. काल के कितने भेद होते हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) पाँच (D) सात

35. 'हरीश पुस्तक पढ़ रहा है' – यह वाक्य किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमानकाल (B) भूतकाल

(C) भविष्यतकाल (D) इनमें से कोई नहीं

36. 'मैंने खाना खा लिया है' – यह वाक्य किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमानकाल (B) भूतकाल

(C) भविष्यतकाल (D) इनमें से कोई नहीं

37. 'संकल्प' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) सु (B) सम्

(C) स (D) कल्प

38. 'पराभव' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) पर (B) प

(C) परा (D) प्र

39. 'अभियान' शब्द में कौन उपसर्ग है ?

(A) अभि (B) अभु

(C) यान (D) अप

40. 'लड़ाई' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) लड़ना (B) आ

(C) आना (D) आई

41. 'भिड़ंत' शब्द में कौन प्रत्यय है ?

(A) भिड़ना (B) अंत

(C) आ (D) त

42. 'विलास' शब्द का विशेषण कौन है ?

(A) विलासी (B) विलाप

(C) विलासु (D) विकल

43. 'रस' शब्द का विशेषण कौन है ?

(A) रस्सी (B) रूसा

(C) रसीला (D) रूपक

44. 'शिवपार्वती' शब्द किस समास का उदाहरण है ?

(A) तत्पुरुष (B) कर्मधारय

(C) द्विगु (D) द्वंद्व

45. 'आदान' शब्द का विलोम है

(A) निर्यात (B) वरदान

(C) प्रदान (D) विज्ञान

46. 'आकाश' शब्द का विलोम है

(A) पाताल (B) सुरंग

(C) गगन (D) नभ

47. 'जड़' शब्द का विलोम है

(A) चकोर (B) चेतक

(C) चेतना (D) चेतन

48. 'धनी' शब्द का विलोम है

(A) धनिक (B) निर्धन

(C) निर्दयी (D) निर्मल

49. 'जिसे भय नहीं है' - के लिए एक शब्द है

(A) निर्भय (B) कायर

(C) भीरु (D) भयाक्रांत

50. 'जानने की इच्छा' - के लिए एक शब्द है

(A) अवज्ञा (B) दाता

(C) पिपासु (D) जिज्ञासा

51. 'अंधे की लकड़ी' - मुहावरे का अर्थ है

(A) धोखा देना (B) एक ही सहारा

(C) मस्ती करना (D) अंधापन का नाटक करना

52. 'अँगूठा दिखाना' मुहावरे का अर्थ है

(A) समय पर धोखा देना
(B) कार्य करना
(C) दुःख सहना
(D) थकान होना

53. 'असुर' शब्द का पर्यायवाची है

(A) दैविक
(B) देवता
(C) दवानल
(D) दनुज

54. 'कपड़ा' शब्द का पर्यायवाची शब्द है

(A) कपोत
(B) वक्र
(C) वसन
(D) वासव

55. शब्द के मुख्य अर्थ का बोध करानेवाले व्यापार को कौन शब्द शक्ति कहते हैं ?

(A) अभिधा
(B) लक्षणा
(C) व्यंजना
(D) इनमें से कोई नहीं

56. वर्णों की आवृत्ति को क्या कहते हैं ?

(A) अनुप्रास
(B) श्लेष
(C) रूपक
(D) यमक

57. चौपाई के प्रत्येक चरण में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(A) 11
(B) 12
(C) 13
(D) 16

58. ध्रुपद गायन की परंपरा में किस घराने को अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिली ?

(A) भोजपुर घराने को
(B) दरभंगा घराने को
(C) डुमराँव घराने को
(D) इनमें से कोई नहीं

59. 'ख्याल' किसका एक रूप है ?

(A) भारतीय वादन का
(B) शास्त्रीय गायन का
(C) गुजराती नृत्य का
(D) शास्त्रीय नृत्य का

60. भारतीय संगीत का अपना तन्तुवाद्य कौन रहा है ?

(A) सारंगी
(B) वायलिन
(C) हारमोनियम
(D) इनमें से कोई नहीं

61. निम्न में कौन विश्व का सर्वश्रेष्ठ शहनाईवादक हैं ?

(A) बिस्मिल्ला खाँ (B) नाहर

(C) मांगन खवास (D) विजय ठाकुर

62. 'पखावज' का दूसरा नाम क्या है ?

(A) तबला (B) मृदंग

(C) झाल (D) ढोलक

63. 'झिझिया' क्या है ?

(A) गीत (B) नृत्य

(C) अभिनय (D) चित्रकारी

64. जिस दिन बारात जाती है उस दिन की रात में दूल्हे के घर नारियाँ क्या करती हैं ?

(A) डोमकच (B) झिझिया

(C) कजरी (D) फाग

65. बिहार में चित्रकला का व्यापक विकास किस रूप में हुआ ?

(A) बक्सर कलम के रूप में (B) पटना कलम के रूप में

(C) नालंदा चित्रकला के रूप में (D) गया चित्रकला के रूप में

66. कहाँ से बौद्ध प्रचारकों के साथ-साथ चित्रकार तथा मूर्तिकार भी बाहर भेजे जाते थे ?

(A) कौशल से (B) पाटलिपुत्र से

(C) विदर्भ से (D) अंग से

67. पटना चित्रशैली के प्रमुख चित्रकारों में कौन शामिल नहीं है ?

(A) जयराम दास (B) झुमक लाल

(C) शिवदयाल (D) डॉ० नगेन्द्र मोहिनी

68. मिथिला की रंगीन चित्रकारी को मिली है

(A) अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्धि (B) उपहास

(C) गुमनामी (D) इनमें से कोई नहीं

69. मिथिला चित्रकला के कितने प्रमुख रूप दिखाई पड़ते हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

70. 'बिहार बंधु' नामक पत्रिका के संपादक कौन थे ?

(A) प्यारे मोहन सहाय (B) केशवराम भट्ट

(C) डॉ० एस० एम० घोसाल (D) पं० ईश्वरी प्रसाद शर्मा

71. मनोरंजन नाटक मंडली' ( आरा ) के संस्थापक कौन थे ?

(A) किंकर जी (B) पं० ईश्वरी प्रसाद शर्मा

(C) चतुर्भुज जी (D) अनिल मुखर्जी

72. निम्नलिखित में कौन अभिनेता बिहार राज्य के हैं ?

(A) शत्रुघ्न सिन्हा (B) अमिताभ बच्चन

(C) धर्मेन्द्र (D) शम्मी कपूर

73. 'मैं नीर भरी दुख की बदली' शीर्षक कविता के रचनाकार कौन हैं ?

(A) हरिवंश राय बच्चन (B) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(C) राजेश जोशी (D) महादेवी वर्मा

74. दक्षिणी अमरीकी देश चीली के पराल शहर में किस कवि का जन्म हुआ था ?

(A) जान नेरूदा का (B) पॉल रॉब्सन का

(C) पाब्लो नेरूदा का (D) पिकासो का

75. 'समुद्र' शीर्षक कविता में किसका चरित्र प्रकट किया गया है ?

(A) कवि का (B) समुद्र का

(C) तालाब का (D) नदी का

76. भीगी हुई चिड़िया की तरह कौन फुरफुराती थी ?

(A) छम्मो (B) अम्मो

(C) कम्मो (D) निम्मो

77. 'कितने मुकदमे लंबित हैं तुम्हारी अदालत में कितने साल से' - यह किस शीर्षक कविता की पंक्ति है ?

(A) रुको बच्चो (B) मेरा ईश्वर

(C) पलक पाँवड़े (D) समुद्र

78. 'मेरा ईश्वर' शीर्षक कविता में किसने दुखी न रहने की ठान ली है ?

(A) देवता ने (B) ईश्वर ने

(C) कवि ने (D) भगत ने

79. किस शीर्षक कविता में गीतों, फूलों और विद्या की खेती करने की बात की गयी है ?

(A) आ रही रवि की सवारी (B) पूरा हिंदुस्तान मिलेगा

(C) निम्मो की मौत पर (D) कुछ सवाल

80. 'आ रही रवि की सवारी' शीर्षक कविता में रात का राजा राह में क्या बनकर खड़ा है ?

(A) दूत (B) मंत्री

(C) प्रजा (D) भिखारी

81. 'प्रियप्रवास' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (B) मंझन

(C) लीलाधर जगूड़ी (D) विजय कुमार

82. गुरु गोविंद सिंह का जन्म किस राज्य में हुआ था ?

(A) बिहार (B) असम

(C) गुजरात (D) उड़ीसा

83. हिंदी के प्रसिद्ध सूफी कवि कौन थे ?

(A) गुरु गोविन्द सिंह (B) मंझन

(C) कबीर (D) रैदास

84. निम्नलिखित में कौन संत कवि हैं ?

(A) मंझन (B) रविदास

(C) जायसी (D) हरिऔध

85. भगजोगनी किस कहानी की पात्रा है ?

(A) सूखी नदी का पुल (B) अष्टावक्र

(C) लाल पान की बेगम (D) कहानी का प्लॉट

86. युवानचांग किसके समय में भारत आए थे ?

(A) सम्राट समुद्रगुप्त (B) सम्राट विक्रमादित्य

(C) सम्राट हर्षवर्धन (D) सम्राट अशोक

87. 'वियोग' किनका प्रसिद्ध गद्यकाव्य है ?

(A) विष्णु प्रभाकर (B) शिवपूजन सहाय

(C) शरद जोशी (D) लक्ष्मीनारायण सुधांशु

88. 'चार मन पाट ( जूट ) का पैसा क्या हुआ है, धरती पर पाँव ही नहीं पड़ते ।' – 'लाल पान की बेगम' शीर्षक कहानी में यह कथन किसका है ?

(A) मखनी फुआ का (B) बिरजू का

(C) पनभरनियों का (D) बिरजू की माँ का

89. वाट्सन होटल कहाँ था ?

(A) दिल्ली में (B) अहमदाबाद में

(C) बंबई में (D) हरियाणा में

90. 'टॉल्सटाय के घर में' शीर्षक पाठ की विधा क्या है ?

(A) कहानी (B) निबंध

(C) रिपोर्ताज (D) फीचर

91. निम्नलिखित में किस शीर्षक पाठ की विधा रेखाचित्र है ?

(A) लाल पान की बेगम (B) अष्टावक्र

(C) पधारो म्हारे देश (D) रेल-यात्रा

92. 'पधारो म्हारे देस' शीर्षक पाठ में किस राज्य का वर्णन है ?

(A) राजस्थान (B) गुजरात

(C) पंजाब (D) झारखंड

93. मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर में किस लेखक का जन्म हुआ था ?

(A) जगदीश नारायण चौबे (B) रामधारी सिंह दिवाकर

(C) रवींद्रनाथ ठाकुर (D) शरद जोशी

94. लेखक शरद जोशी ने भारतीय रेल की अस्त-व्यस्तता, अव्यवस्था के बहाने किसकी पोल खोली है ?

(A) भारतीय सुव्यवस्था की (B) भारतीय नागरिकों की

(C) भारतीय राजव्यवस्था की (D) भारतीय संविधान की

95. प्रसिद्ध कवि नागार्जुन ने किनके गद्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की है ?

(A) रामधारी सिंह दिवाकर (B) जगदीश नारायण चौबे

(C) रामकुमार (D) अनुपम मिश्र

96. अच्छे निबंध के लिए किसकी आवश्यकता है ?

(A) कल्पनाशक्ति की (B) विलासिता की

(C) आलस्य की (D) दुर्बलता की

97. सुरेश किस कहानी का पात्र है ?

(A) सूखी नदी का पुल (B) लाल पान की बेगम

(C) कहानी का प्लॉट (D) इनमें से कोई नहीं

98. बोलपुर के निकट शांति निकेतन की स्थापना किसने की थी ?

(A) रवींद्रनाथ ठाकुर (B) शरद जोशी

(C) विष्णु प्रभाकर (D) अमृतलाल नागर

99. नीरस शिक्षा में जीवन का बहुमूल्य समय क्या हो जाता है ?

(A) कीमती (B) व्यर्थ

(C) सदुपयोग (D) अनमोल

100. कवि रैदास अपनी तुलना किससे किए हैं ?

(A) चंदन (B) दीपक

(C) मोती (D) पानी

## खण्ड - ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है : 5 × 2 = 10

(क) फिजी में 12 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया । इस आयोजन से फिजी ने हिन्दी संसार में एक महत्त्वपूर्ण स्थान बनाया है । 12 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन की एक खास विशेषता यह रही कि यह प्रशांत क्षेत्र यानी फिजी, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया क्षेत्र में आयोजित पहला विश्व हिन्दी सम्मेलन था । इस सम्मेलन का एक महत्त्वपूर्ण आयाम यह था कि अन्य गिरमिटिया देशों जैसे - मॉरीशस, त्रिनिडाड, सूरीनाम, दक्षिण अफ्रीका आदि में विश्व हिन्दी सम्मेलनों का आयोजन पहले किया जा चुका है, परंतु फिजी में विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन पहली बार हुआ । भारत से बाहर फिजी एक ऐसा देश है जिसकी राजभाषा हिन्दी है ।

(i) फिजी में किसका आयोजन किया गया ?

(ii) 12 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन की एक खास विशेषता क्या रही ?

(iii) भारत से बाहर किस देश की राजभाषा हिंदी है ?

(iv) किन देशों में विश्व हिन्दी सम्मेलनों का आयोजन पहले किया जा चुका है ?

(v) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दें ।

(ख) सघन एवं विशाल क्षेत्रफल वाले वनों में वन्य जीव सुरक्षित रहते हैं जो पर्यावरण को संतुलित रखने में योगदान करते हैं । वनों की कटाई से उनकी सघनता तथा उनका क्षेत्रफल कम होने से वन्य जीवों का जीवन संकट में पड़ गया है । आजकल जनसंख्या वृद्धि तथा उद्योगीकरण के कारण वनों की तेजी से कटाई हो रही है, जिसके कारण वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास समाप्त होते जा रहा है । मानव एवं वन्य जीवों के बीच संघर्ष का मुख्य कारण वनों की अंधाधुंध कटाई ही है । विकास की सीढ़ियाँ चढ़ते हुए मानव ने कई वन्य प्राणियों को लुप्त होने के कगार पर पहुँचा दिया है । पारिस्थितिक तंत्र के साथ छेड़छाड़ एवं वन्य जीवों के लुप्त होने से प्राकृतिक एवं वातावरणीय संतुलन नष्ट हो गया है ।

(i) वन्य जीव कहाँ सुरक्षित रहते हैं ?

(ii) वन्य जीवों का जीवन कैसे संकट में पड़ गया है ?

(iii) मानव एवं वन्य जीवों के बीच संघर्ष का मुख्य कारण क्या है ?

(iv) मानव ने किसको लुप्त होने के कगार पर पहुँचा दिया है ?

(v) प्राकृतिक एवं वातावरणीय संतुलन किस प्रकार नष्ट हो गया है ?

2. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है । 5 × 2 = 10

(क) भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि कवि के रूप में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का नाम सदा अमर रहेगा । मैथिलीशरण गुप्त का जन्म सन् 1886 ई० में झाँसी के निकट चिरगाँव में हुआ था । उनके बचपन का नाम 'मिथिलाधिप नंदनशरण' था । मैथिलीशरण गुप्त के पिता का नाम सेठ रामचरण गुप्त और माता का नाम काशीबाई था । उनकी प्रारम्भिक शिक्षा चिरगाँव, झाँसी के राजकीय विद्यालय में हुई थी । मैथिलीशरण गुप्त बचपन में 'स्वर्णलता' नाम से छप्पय लिखते थे । उनकी कृति 'भारत-भारती' स्वतंत्रता संग्राम के समय व्यापक प्रभावशाली सिद्ध हुई थी और इसी कारण महात्मा गाँधी ने उन्हें 'राष्ट्रकवि' की पदवी दी थी ।

(i) भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि कवि के रूप में किनका नाम अमर रहेगा ?

(ii) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(iii) मैथिलीशरण गुप्त के बचपन का नाम क्या था ?

(iv) 'भारत-भारती' किनकी कृति है ?

(v) 'राष्ट्रकवि' की पदवी गुप्त जी को किसने दी थी ?

(ख) नार्मन बोरलॉग को हरित क्रांति का जनक कहा जाता है । हरित क्रांति का तात्पर्य उच्च उपज देने वाले किस्म के बीजों, कीटनाशकों और बेहतर प्रबंधन तकनीकों के उपयोग से फसल उत्पादन में वृद्धि से है । नॉर्मन बोरलॉग को उनके काम के लिये नोबेल शांति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था । भारत में हरित-क्रांति के जनक एम० एस० स्वामीनाथन हैं । इन्होंने उच्च उपज वाले विभिन्न बीजों के विकास में योगदान दिया है, जिससे भारत को खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने में मदद मिली है । हरित क्रांति का भारतीय अर्थव्यवस्था पर सामान्य प्रभाव पड़ा है, जबकि कृषि एवं पर्यावरण दोनों पर सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पड़ा है ।

(i) हरित क्रांति का जनक किसे कहा जाता है ?

(ii) हरित क्रांति से क्या तात्पर्य है ?

(iii) नोबेल शांति पुरस्कार से किसको सम्मानित किया गया था ?

(iv) भारत में हरित क्रांति के जनक कौन हैं ?

(v) इस गद्यांश का उचित शीर्षक दें ।

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **200 - 250** शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(क) छठ पर्व

(ख) लोकनायक जयप्रकाश नारायण

(ग) नारी-शिक्षा

(घ) परोपकार

(ङ) सत्यवादिता ।

4. निर्धन छात्र-कोष से सहायता हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक के पास एक आवेदन पत्र लिखें । 5

**अथवा**

ध्वनि-प्रदूषण के विषय पर छात्र और शिक्षक के बीच के संवाद को लिखें ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दें : 5 × 2 = 10

(i) 'लाल पान की बेगम' शीर्षक कहानी के कहानीकार कौन हैं ? इस कहानी के प्रमुख पात्रों के नाम लिखें ।

(ii) मुंशीजी किस कहानी के पात्र हैं एवं उनकी पुत्री का नाम क्या था ?

(iii) बुद्ध के समय नालंदा में क्या था ?

(iv) गार्हस्थ्य कर्म-विधान में स्त्रियाँ किस तरह के गीत गाती हैं ?

(v) भारत में पहली बार सिनेमा कब और कहाँ दिखाया गया ?

(vi) कवि मंझन ने सच्चे प्रेम की क्या कसौटी बताई है ?

(vii) कवयित्री महादेवी वर्मा किसे मलिन नहीं करने की बात करती हैं ?

(viii) कवि केदारनाथ अग्रवाल आजाद हिन्दुस्तान में गीतों और फूलों की खेती क्यों करना चाहते हैं ?

(ix) बिहार में सबसे पहली फिल्म किसने बनाई थी और उस फिल्म का नाम क्या था ?

(x) बिहार के किन्हीं दो महत्त्वपूर्ण नाटक लेखकों तथा उनके एक-एक नाटक के नाम बताइए ।

6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखें : 1 × 5 = 5

(क) "तुम्हारी जो पाँच एकड़ जमीन है वह तो समझो गिद्धों के लिए मांस का लोथड़ा बनी हुई है ।" सप्रसंग व्याख्या करें ।

(ख) "विहग बंदी और चारण,<br>
गा रहे हैं कीर्ति-गायन,<br>
छोड़कर मैदान भागी तारकों की फौज सारी ।" भाव स्पष्ट कीजिए ।